दिन– सोमवार                                                                    दिनांक– 25 / 11 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से।                                                  अवधिः– 05 मिनट

---

बिहार विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से शुरू हुआ। विधानसभा की कार्यवाही अध्यक्ष नंद किशोर यादव के भाषण के साथ शुरू हई। दोनों सदनों का पांच दिवसीय सत्र 29 नवंबर को संपन्न होगा। आज पहले दिन उपचुनाव में नवनिर्वाचित तीन सदस्यों को विधानसभा अध्यक्ष ने शपथ दिलाई। भारतीय जनता पार्टी के अशोक कुमार सिंह हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा की दीपा कुमारी और जनता दल यूनाटेड की मनोरमा देवी ने शपथ ग्रहण की। चौथे विधायक भाजपा के विशाल प्रशांत कल शपथ ग्रहण करेंगे। वहीं, उप–मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने वित्तीय वर्ष दो हजार चौबीस पच्चसी का दूसरा अनुपूरक बजट पेश किया। इसमें विकास कार्यों के लिए लगभग बत्तीस हजार पांच सौ सात करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। इस अनुपूरक बजट में आयुष्मान भारत योजना के लिए केन्द्रीय अंश के रूप में दो सौ करोड़ रूपये खर्च करने का प्रस्ताव है।

इसके अलावा राज्य मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निर्माण के लिए आठ सौ इकसठ करोड़ रूपये का प्रावधान किया गया है। अनुपूरक बजट पेश करने के बाद सदन के पूर्व दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित कर विधानसभा अध्यक्ष ने कल तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी। इधर, विधान परिषद की कार्यवाही दिन के बारह बजे सभापति अवधेश नारायण सिंह के संबोधन से शुरू हुई। सभापति ने इस सत्र में सफल संचालन के लिए सभी सदस्यों से सहयोग की अपील की।

———————————————

संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन आज दोनों सदनों में व्यवधान आया। भारतीय जनता पार्टी ने विपक्ष पर कड़ा प्रहार किया। संसद के बाहर मीडिया से बात करते हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने आरोप लगाया कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में हार से विपक्ष हताश है। उन्होंने कहा कि विपक्ष का आचरण अनुचित है। दूसरी ओर, कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने कहा कि एक खास

समूह के खिलाफ कथित रिश्वतखोरी के आरोप महत्वपूर्ण मुद्दों में से एक है। इस पर संसद में चर्चा होनी चाहिए।

———————————————————

संविधान दिवस की पूर्व संध्या पर केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, ओलंपिक एथलीटों और युवाओं सहित सभी विभिन्न प्रतिभागियों ने आज पद यात्रा निकाली। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने नई दिल्ली में आयोजित हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान पदयात्रा में भाग लिया। यह पदयात्रा भारतीय संविधान के संस्थापक सदस्यों के दृष्टिकोण का सम्मान करने के लिए आयोजित की गई थी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, ओलंपिक एथलीटों और युवाओं सहित सभी प्रतिभागियों ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ भी ली।

———————————————————

विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने सभी से संविधान के मूलभूत आदर्शों को अपनाने और इसे अधिक समावेशी बनाने के लिए काम करने पर जोर दिया है। श्री यादव ने आज विधानसभा के शीतसत्र के पहले दिन सदन को संबोधित करते हुए कहा कि देश का संविधान विविधता, एकता और लोकतांत्रिक आदर्शों का प्रतीक है। यह एक तरफ हमारे अधिकारों का रक्षा करता है तो दूसरी तरफ कर्तव्यों का भी बोध कराता है।

———————————————————

प्रदेश में एक हजार छह सौ आठ पैक्स के प्रथम चरण के चुनाव कल होंगे। मतदान सुबह सात बजे से शाम साढ़े चार बजे तक होगा। प्रथम चरण में एक करोड़ तेईस लाख से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। राज्य निर्वाचन प्राधिकार की ओर से उन्नीस हजार आठ सौ पच्चीस मतदान केन्द्र बनाये गये हैं। इस चरण की मतगणना सत्ताईस नवम्बर को होगी।

———————————————————

प्रदेश में वायु प्रदूषण की स्थिति लगातार गम्भीर बनी हुई है। बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कटिहार राज्य का सबसे प्रदूषित शहर रहा। यहां का एक्यूआई तीन सौ अस्सी दर्ज किया गया। वहीं, हाजीपुर का वायु गुणवत्ता सूचकांक तीन सौ उनचास, किशनगंज का तीन सौ तीस और बक्सर का तीन सौ उनतीस रिकॉर्ड किया गया। राजधानी पटना का एक्यूआई दो सौ नब्बे रहा।

————————————————

कटिहार के गढ़वाल मैदान में आज से तीन प्रमंडलों कोसी, पूर्णियां और भागलपुर के लिए अग्निवीर बहाली की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। चार दिसम्बर तक चलने वाली इस भर्ती रैली में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता का परीक्षण किया जायेगा। स्थानीय सेना भर्ती कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार बारह जिलों से लगभग छह हजार अभ्यर्थी भर्ती रैली में शामिल होंगे।

————————————————

समाप्त